पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 268 | हल्द्वानी | रविवार, 3 मई 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## दून में जमीन घोटालों का बिछा जाल

### 125 मामलों की सुनवाई, 24 में करवाई के निर्देश



**देहरादून।** राजधानी देहरादून में भूमि फर्जीवाड़ा चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक में कुल 125 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें 45 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि 24 मामलों में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 74 मामले दून जिले से सामने आए हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हैं। इसके अलावा हरिद्वार से 15, पौड़ी से 13, टिहरी से 2 और चमोली से 1 मामला शामिल है। बैठक में 20 पुराने लंबित और 105 नए मामलों पर विस्तृत चर्चा हुई। जांच के दौरान कई चौंकाने वाले फर्जीवाड़े सामने आए कहीं बिना जमीन नाम के ही बिक्री कर दी गई, कहीं खसरा नंबर बदलकर दूसरी भूमि दिखा दी गई, तो कहीं दो बीघा जमीन को चार बीघा बताकर बेचने जैसे गंभीर मामले उजागर हुए। कई शिकायतें जमीन पर अवैध कब्जा, तारबाड़ कर सीमांकन बदलने और भूमि को खुर्द-बुर्द करने से जुड़ी मिलीं। आयुक्त ने अधिकारियों की धीमी कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित मामलों में 15 दिनों के भीतर तेजी लाई जाए और जिन मामलों में अवैध निर्माण या धोखाधड़ी सिद्ध हो चुकी है, उनमें सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिन मामलों में भूमि फर्जीवाड़ा नहीं पाया गया, उनकी जानकारी भी शिकायतकर्ताओं को देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि भूमि धोखाधड़ी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## केदारनाथ में रीलबाजों पर शिकंजा, सात फीट बैरिकेड्स की तैयारी



**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ मंदिर परिसर में व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) बड़ा कदम उठाने जा रही है। मंदिर के चारों ओर करीब 7 फीट ऊंचे बैरिकेड्स लगाने का प्रस्ताव गढ़वाल आयुक्त को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू होगा। बैरिकेडिंग से मंदिर परिसर में अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगेगी और केवल निर्धारित मार्ग से ही श्रद्धालु प्रवेश कर सकेंगे। समिति का कहना है कि इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, भीड़ नियंत्रण आसान होगा और धार्मिक गरिमा बनी रहेगी। रील बनाने पर प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर चोरी-छिपे वीडियो बना रहे हैं, जिन पर सख्ती बढ़ाई जाएगी। उधर, केदारनाथ धाम में क्षमता से अधिक भीड़ पहुंचना बड़ी चुनौती बना हुआ है। प्रतिदिन लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं की क्षमता के मुकाबले अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जिससे आवास, भोजन और दर्शन व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया है। मुख्य प्रभारी अधिकारी राजन नैथानी ने बताया कि बैरिकेड्स लगने के बाद परिसर में अनावश्यक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

## एक नजर

### हेमकुंड साहिबः आस्था और साहस का संगम



**रूद्रप्रयाग।** हेमकुंड साहिब एक बार फिर श्रद्धा, सेवा और साहस का प्रतीक बन गया है। कपाट खुलने से पहले ही भारतीय सेना के जवानों और गुरुद्वारे के सेवादारों ने कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए यहां पहुंचकर मार्ग तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। भारी बर्फबारी के बीच सेना की 418 इंडिपेंडेंट फील्ड कंपनी (नौवीं माउंटेन ब्रिगेड) और सेवादारों की टीम ने यात्रा मार्ग की सबसे बड़ी चुनौती अटलाकोटी हिमखंड को काटकर रास्ता बनाया। यह कार्य बेहद जोखिम भरा होता है, क्योंकि ऊंचाई, ऑक्सीजन की कमी और लगातार गिरती बर्फ हालात को और कठिन बना देती है। हेमकुंड पहुंचने के बाद जवानों और सेवादारों ने सबसे पहले गुरुद्वारे के सामने अरदास की। यह परंपरा न केवल आध्यात्मिक आस्था को दर्शाती है, बल्कि सेवा भाव और समर्पण का भी प्रतीक है। अब टीम यहीं रहकर आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम करेगी ताकि 23 मई से शुरू होने वाली यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। गुरुद्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही थी, फिर भी जवान और सेवादार पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। हेमकुंड साहिब की यात्रा हर साल सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं होती, बल्कि यह मानव साहस और सेवा भावना की मिसाल भी पेश करती है जहां सेना और सेवादार मिलकर हजारों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित रास्ता तैयार कर रहे हैं।

### चार जुलाई से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**पिथौरागढ़।** विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 का पूरा सेडयूल जारी कर दिया है। इस साल भी यात्रा उत्तराखण्ड के लिपूलेख और सिक्किम के नाथुला दर्रे से संचालित होगी। दोनों रूट से 10 -10 बैचों में कुल एक हजार श्रद्धालु यात्रा करेंगे। जिनमें लिपूलेख रूट से 500 यात्री शामिल होंगे। उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले से संचालित होने वाली इस यात्रा का पहला बैच 4 जुलाई को दिल्ली से रवाना होगा। इससे पहले यात्रियों को 30 जून से 3 जुलाई तक दिल्ली में मेडिकल, डाक्यूमेंट और ब्रिफिंग की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

## प्रसार भारती के अध्यक्ष बने प्रसून जोशी

### सांसद अजय भट्ट ने दी शुभकामनाएं



**हल्द्वानी।** प्रख्यात लेखक और गीतकार प्रसून जोशी के प्रसार भारती के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रसून जोशी एक प्रतिष्ठित रचनाकार हैं, जिन्होंने साहित्य, संगीत और सृजनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कार्यों ने भारतीय संस्कृति और समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रसार भारती के अध्यक्ष के रूप में प्रसून जोशी का अनुभव और रचनात्मक दृष्टिकोण संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। सांसद ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल प्रसार भारती के लिए, बल्कि देश के मीडिया और सांस्कृतिक परिदृश्य के लिए भी एक सकारात्मक और दूरगामी कदम है।

## हल्द्वानी में मौसम का कहर: दोपहर में छाया अंधेरा, आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### सड़कों पर जलीं हेडलाइट्स, शादियों व आयोजनों में भी मची अफरा-तफरी



**हल्द्वानी।** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी शहर में आज दोपहर अचानक मौसम ने उग्र रूप धारण कर लिया। तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के चलते शहर में कुछ ही देर में हालात बदल गए और दिन में ही अंधेरा छा गया।

तेज हवाओं के साथ घने बादलों ने ऐसा घेरा कि कई जगहों पर वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। सड़कों पर पानी भरने और हवा के तेज झोंकों से यातायात भी प्रभावित हुआ।

मौसम के इस अचानक बदले मिजाज के बीच आम राहगीरों ने जहां बारिश का आनंद लिया, वहीं कई लोगों को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। शहर में चल रहे शादी समारोहों और अन्य आयोजनों में बारिश और तेज हवा के कारण अफरा-तफरी मच गई।

टेंट और सजावट को नुकसान पहुंचा, जिससे आयोजकों और मेहमानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन मौसम की यह मार शहर की व्यवस्था पर भारी पड़ी। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भी इसी तरह के बदलाव की संभावना जताई है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

## टिहरी झील में आंधी-तूफान से फ्लोटिंग हटमेंट क्षतिग्रस्त, 22 पर्यटक सुरक्षित रेस्क्यू

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी झील के डोबरा-चाटी क्षेत्र में गत देर शाम आए तेज आंधी-तूफान के चलते झील में बने फ्लोटिंग हटमेंट क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान वहां मौजूद पर्यटकों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया और 22 पर्यटकों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। आपदा कंट्रोल रूम टिहरी से रात करीब 8 बजे घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ पोस्ट कोटी कॉलोनी से उपनिरीक्षक नरेंद्र राणा के नेतृत्व में टीम



आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पाया गया कि तेज हवाओं के दबाव के कारण फ्लोटिंग हटमेंट टूटकर बहने लगे थे। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी फंसे पर्यटकों को बाहर निकाला और पर्यटन विभाग की बोट के माध्यम से कोटी कॉलोनी पहुंचाया। सभी पर्यटक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### पहले भी हो चुका है हादसा

गौरतलब है कि मई 2019 में भी जलस्तर में कमी और तेज हवाओं के कारण फ्लोटिंग हटमेंट का एक बड़ा हिस्सा झील में डूब गया था, जिसे करीब एक सप्ताह बाद निकाला गया था। वर्ष 2015 में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से इन हटमेंट का निर्माण किया गया था। घटना के बाद शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी टिहरी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस सुझाव मांगे गए हैं।

# सम्पादकीय

## एआई का नया मोचा: सुरक्षा, संप्रभुता और संतुलन की चुनौती

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में तेज़ी से हो रहा विकास अब केवल तकनीकी प्रगति की कहानी नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है। हाल के दिनों में द्वारा विकसित बताए जा रहे मिथोस जैसे उन्नत एआई मॉडल को लेकर उठी चर्चाएं इसी बदलते परिदृश्य का संकेत देती हैं। यह मॉडल, जो कंप्यूटर प्रणालियों में छिपी कमजोरियों को पहचानने में सक्षम बताया जा रहा है, एक ओर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसके संभावित दुरुपयोग को लेकर गहरी आशंकाएं भी जन्म ले रही हैं। मिथोस जैसे उपकरण यह दर्शाते हैं कि अब एआई केवल डेटा विश्लेषण या संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जटिल साइबर हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने की क्षमता भी विकसित कर रहा है। यही कारण है कि इसे दोधारी तलवार कहा जा रहा है।

जहां एक ओर यह तकनीक सॉफ्टवेयर कंपनियों और सुरक्षा एजेंसियों को पहले से अधिक सक्षम बनाकर सिस्टम की कमजोरियों को समय रहते सुधारने में मदद कर सकती है, वहीं दूसरी ओर यदि यह गलत हाथों में चली जाए तो बड़े पैमाने पर साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ सकता है। वैश्विक स्तर पर इस तकनीक को लेकर बढ़ती चिंता इस बात का प्रमाण है कि एआई अब रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुका है। अमेरिका ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखा है और इसकी पहुंच को सीमित रखने की नीति अपनाई है। ब्रिटेन के एआई सुरक्षा संस्थान द्वारा किए गए परीक्षणों में भी इस प्रकार के मॉडल की बढ़ी हुई क्षमता और संभावित जोखिमों को रेखांकित किया गया है। भारत में भी इस विषय ने नीति-निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। वित्त मंत्री द्वारा व्यक्त की गई चिंता इस बात का संकेत है कि देश इस चुनौती को हल्के में नहीं ले रहा। भारत के सामने दोहरी चुनौती है। पहली, इस प्रकार की उन्नत तकनीकों तक समान और न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना, ताकि देश तकनीकी रूप से पिछड़ न जाए। दूसरी, अपने महत्वपूर्ण ढांचे विशेषकर बैंकिंग, दूरसंचार और ऊर्जा क्षेत्रों को ऐसे संभावित खतरों से सुरक्षित रखना। यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज भी अधिकांश साइबर हमले अत्याधुनिक एआई के कारण नहीं, बल्कि साधारण लापरवाहियों जैसे कमजोर पासवर्ड और पुराने सॉफ्टवेयर के कारण होते हैं। ऐसे में केवल उच्च-स्तरीय तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ बुनियादी साइबर स्वच्छता को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत को एक संतुलित और दूरदर्शी रणनीति अपनानी होगी। एक ओर जहां उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई के नियमन और समान अवसर की वकालत करनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर घरेलू स्तर पर अपनी साइबर सुरक्षा क्षमताओं को सुदृढ़ बनाना होगा। सरकार, निजी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित कर एक मजबूत सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा सकता है। साथ ही, एआई के नैतिक और सुरक्षित उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार करना भी समय की मांग है। मिथोस जैसे मॉडल चाहे जितने भी उन्नत क्यों न हों, वे एक बड़े परिवर्तन का संकेत मात्र हैं। आने वाले समय में साइबर सुरक्षा की लड़ाई केवल मनुष्यों के बीच नहीं, बल्कि एआई प्रणालियों के बीच भी लड़ी जाएगी। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम तकनीक के विकास के साथ-साथ उसके सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को भी समान प्राथमिकता दें। यही संतुलन हमें इस नई डिजिटल दौड़ में सुरक्षित और सशक्त बनाए रखेगा।

# वीकेंड पर चकराता में उमड़ा सैलानियों का सैलाब, पर्यटन स्थलों के साथ बाजार भी रहा गुलजार




**देहरादून।** पर्वतीय पर्यटन स्थल चकराता में इन दिनों सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को वीकेंड की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरे इलाके में रौनक लौट आई।

पर्यटकों ने देववन, मोइला टॉप, लोखंडी और चिरमिरी टॉप जैसे स्थानों का रुख किया, जबकि टाइगर फॉल पर झरने के नीचे स्नान का आनंद लेने वालों की भीड़ उमड़ी रही। सुहावने मौसम ने पर्यटकों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

चकराता का छावनी बाजार दिनभर सैलानियों से भरा रहा। बाजार में स्थानीय दुकानों, होटलों और रेस्टोरेंट में ग्राहकों की अच्छी आवाजाही रही। यहां पहुंचे पर्यटकों ने न सिर्फ पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद लिया, बल्कि राजमा, अखरोट, दालें और लाल चावल जैसे स्थानीय उत्पादों की जमकर खरीदारी भी की। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, वीकेंड पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या से कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। वहीं होटल और होमस्टे संचालकों ने बताया कि अधिकांश कमरे पहले से ही आरक्षित थे, जिसके चलते अचानक आने वाले पर्यटकों को ठहरने में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, बढ़ती भीड़ के बीच छावनी बाजार में पार्किंग की कमी भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। पर्यटकों को अपने वाहन सड़कों के किनारे खड़े करने पड़ रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय होटल एसोसिएशन और व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों, जिनमें दिगंबर सिंह चौहान, विक्रम पंवार और केशव सिंह चौहान शामिल हैं, ने सैलानियों से अपील की है कि वे क्षेत्र की स्वच्छता का ध्यान रखें और प्लास्टिक के उपयोग से बचें, ताकि चकराता की प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे।

# टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न




**हल्द्वानी।** हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव इस वर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध सम्पन्न हुआ। शनिवार को ला पर्ल रिवर रिजॉर्ट में आयोजित इस चुनाव में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी संजय पांडे एवं मनोज भण्डारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के विशिष्ट अतिथि चन्द्र शेखर तिवाड़ी उपस्थित रहे, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. चन्द्र शेखर जोशी एवं श्रीमती सुशीला महेता ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।

निर्विरोध निर्वाचन के तहत अध्यक्ष पद पर रमेश पांडे, उपाध्यक्ष सतीश बल्यूटिया, सचिव महेन्द्र सिंह बिष्ट, उप सचिव भूपेन्द्र महरा, कोषाध्यक्ष हिमांशु कांडपाल एवं सह-कोषाध्यक्ष गगन मीत सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजय पांडे, सुमीत गुप्ता, सुशील तिवाड़ी एवं श्रीमती तनुजा पंत को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अलावा अक्षय अग्रवाल को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में एन.के. जोशी एवं आई.पी. सिंह को शामिल किया गया, जबकि मीडिया प्रभारी का दायित्व सुनील पाठक को दिया गया। हिमांशु कोठारी एवं सूरज नेगी को कन्वीनर बनाया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश पांडे ने कहा कि संगठन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

# कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : ममता रानी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**रुद्रपुर।** कमर्शियल गैस सिलेंडर और छोटे गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर आज कांग्रेसियों ने इंडियन गैस एजेंसी के सामने प्रदर्शन किया। जिसको लेकर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिस प्रकार से बिना अनुमति लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने यह कार्यक्रम किया है वह पार्टी की रीति और नीति के खिलाफ है। वह इसकी शिकायत कांग्रेस आलाकमान से करेगी ताकि उचित कार्वाई की जा सके। दरअसल आज कांग्रेसियों ने बिना नगर व जिला कांग्रेस कमेटी की अनुमति से प्रदर्शन किया। जिसको लेकर संगठन में नाराजगी फैल गई। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि यह प्रदर्शन बिना अनुमति के किया गया है ऐसे में यह दिखाता है की पार्टी से अनुशासनहीनता की गई है जो किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि वह इस मामले में राष्ट्रीय महासचिव के वेणुगोपाल, उत्तराखंड प्रभारी और सांसद कुमारी शैलजा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को पत्र लिखकर सूचित कर कार्रवाई की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित दल है ऐसे में कोई भी कार्यक्रम संगठन की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

# सीपीयू ने महिला पर्यटक को लौटाया खोया मोबाइल व नकदी



**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में सीपीयू (सिटी पेट्रोल यूनिट) पुलिस ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है। ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान मिले मोबाइल फोन और नकदी को पुलिस टीम ने संबंधित महिला पर्यटक को सकुशल लौटाया। जानकारी के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक दीवान सिंह मेहरा एवं कांस्टेबल रोहित सिंह को चेकिंग के दौरान एक सैमसंग मोबाइल फोन मिला, जिसकी कीमत करीब 25,000 बताई गई है। मोबाइल कवर में 1500 नकद और एक आधार कार्ड भी मौजूद था। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आधार कार्ड के जरिए संबंधित महिला से संपर्क स्थापित किया और उसे मौके पर बुलाया। इसके बाद मोबाइल फोन, नकदी और आधार कार्ड सुरक्षित रूप से महिला को सौंप दिया गया। खोया सामान वापस मिलने पर महिला पर्यटक ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।यह घटना दर्शाती है कि सीपीयू पुलिस न केवल ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में तत्पर है, बल्कि मानवता और ईमानदारी के मूल्यों को भी पूरी निष्ठा से निभा रही है।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने पर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का फूंका पुतला

**बागेश्वर।** व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने देशवासियों को महंगाई की मार दी है, अचानक व्यवसायिक गैस सिलिंडरों के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से देश मे आमलोगों पर महंगाई का असर पढ़ने, के साथ ही इसका प्रभाव अन्य चीजों पर भी पढ़ने, केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई योजनाओं का दिखावा कर पर्दे के पीछे से गरीबों पर महंगाई की मार और अमीरों की जेब मे बढ़ोत्तरी करने के आरोप लगाए। कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए व्यवसायिक सिलेंडर के दाम बड़ाकर बाजार में खाद्य पदार्थो के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी होने की बात कही। नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज करते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। केंद्र सरकार को आम आदमी की समस्या से कोई लेना-देना नहीं रह गया है।केंद्र सरकार केवल जुमलेबाजी करते



हुए धर्म विशेष की राजनीति कर देश को धर्म विशेष का अखाड़ा बनाकर नफरत की राजनीति करते हुए केवल भड़काऊ भाषणों, से कांग्रेस को बदनाम कर केवल सिर्फ चुनाव जीतने के षड्यंत्र में जुटी हुई है। देश मे गरीबों का जीना मुहाल हो गया है, महंगाई भृस्टाचार, और जुमलेबाजी से देशवासी त्रस्त हो चुके हैं। कांग्रेस ने जल्द बढ़े हुए व्यवसायिक सिलेंडर के दाम घटाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में बेतहासा वृद्धि की है। इसका असर आम आदमी के जीवन पर पड़ेगा। चाय से लेकर गरीब की थाली से निवाला छीना जा रहा है। गर्मियों के पर्यटक सीजन चरम पर रहता है, लेकिन बढ़ती महंगाई से पर्यटन कारोबार को भी ग्रहण लगने की आशंका बढ़ गई है। गैस के दाम बड़ने पर होटल कारोबारियों ने मजबूरन अपने मीनू पर लिखे दाम बड़ा दिए हैं। कई छोटी ठेली लगाने वाले कारोबार बंद करने की कगार पर पहुंच गए हैं। सबका साथ सबका विकास का नारा खोखला साबित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार ने बढ़े दाम वापस लेने की मांग की। इसके बाद केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक,बालकृष्ण टम्टा, भगवत डसीला,सुंदर सिंह, विनोद पाठक, ईश्वर पांडे, हरीश त्रिकोटी,ललित गिरी गोस्वामी,पूरन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# मलपुरी में भीषण सड़क हादसा, ट्रक चालक की मौत

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** क्षेत्र के मलपुरी के पास मंगलवार देर रात दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, बरेली निवासी अब्दुल वहीद की तहरीर पर बताया गया कि 29 अप्रैल की रात करीब 12 बजे चालक सुनील कुमार ट्रक लेकर पीलीभीत से लालकुआं की ओर जा रहा था। इसी दौरान मलपुरी के पास सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल चालक सुनील कुमार (निवासी पिपरिया, गजरौला) और परिचालक शमशुल हसन (निवासी क्योलडिया, बरेली) को पुलिस ने तत्काल उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बाद में परिजन दोनों को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान सुनील कुमार की मौत हो गई। शमशुल हसन का इलाज जारी है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# भाजयुमो की संगठनात्मक परिचय बैठक सम्पन्न

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा, जिला ऊधम सिंह नगर की संगठनात्मक परिचय बैठक भाजपा जिला कार्यालय रुद्रपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली एवं प्रदेश महामंत्री दीपेन्द्र कोश्यारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना, आपसी समन्वय को बढ़ाना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना था। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुई। इसके उपरांत संगठन की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभव साझा करते हुए संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु महत्वपूर्ण




सुझाव प्रस्तुत किए। प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली ने अपने संबोधन में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच संवाद बढ़ाने एवं जनसंपर्क को व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया। वहीं प्रदेश महामंत्री दीपेन्द्र कोश्यारी ने आगामी अभियानों एवं कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही उसकी पहचान है और सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन संगठनात्मक एकता, समर्पण एवं सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, मोर सिंह यादव, सुरेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री विशाल सिंह, शशांक वर्मा, पारस अग्रवाल, रचित सिंह, मनीष गोस्वामी, विक्की राघव, विकास पोखरिया, अंकित गोयल सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आर्मी कैंट के जंगल में आग, फायर यूनिट की तत्परता से टली बड़ी घटना

**बनबसा ।** आर्मी कैंट क्षेत्र के जंगल में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही मां पूर्णागिरि मेला में तैनात अस्थायी फायर यूनिट, बनबसा ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एमएफई, होज रील एवं मॉनिटर ब्रांच के माध्यम से पंपिंग कर आग पर काबू पाने का अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग को पूरी तरह बुझाने में सफलता



हासिल की। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के बड़े नुकसान की घटना टल गई। स्थानीय स्तर पर फायर यूनिट की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। इस अभियान में फायर यूनिट टीम के एलएफएम राजेश कार्की, डीवीआर देवेंद्र नेगी, एफएम विक्रम नेगी, एफएम जसवीर सिंह तथा एफएम अमित भट्ट शामिल रहे, जिन्होंने समन्वित प्रयास से स्थिति को नियंत्रण में लाया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जंगलों के आसपास आग जलाने या ज्वलनशील वस्तुओं के प्रयोग में सावधानी बरतें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# होमगार्ड भर्ती में एससी वर्ग की उपेक्षा के आरोप

**बागेश्वर।** उत्तराखंड में होमगार्ड भर्ती को लेकर आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय पर होम गार्ड भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां जताई हैं। एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय, देहरादून द्वारा 28 अप्रैल 2026 को जारी विज्ञापन में कुल 920 पदों का उल्लेख किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग को मात्र 48 पद आवंटित किए गए हैं, जबकि 19 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार इस वर्ग को करीब 175 पद मिलने चाहिए थे। वहीं, 10 प्रतिशत आरक्षण वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 87 पद दिए जाने से भी असंतोष और बढ़ गया है इस असंतुलन को लेकर सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने आरक्षण नीति के सही पालन, पारदर्शिता और संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं, बल्कि समान अवसर और सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। आरोप है कि प्रदेश में यह पहली बार नहीं है, जब भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों की अनदेखी हुई हो। इससे पहले भी कई विभागों की भर्ती में ऐसी विसंगतियां सामने आ चुकी हैं।

# राष्ट्रीय स्तरीय अस्मिता वूमेन लीग का शानदार शुभारंभ

पर्वत प्रेरणा संवाददाता



**रुद्रपुर ।** अस्मिता वूमेन लीग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन शिवालिक बेलोड्रम रूद्रपुर उत्तराखंड में दो से तीन मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन आज प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह एवं जिला खेल पदाधिकारी उधम सिंह नगर जानकी कार्की जी के संयुक्त कमरों कर कमल द्वारा फ्लैग ऑफ कर किया गया, इनके साथ आज इस मौके पर उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी महासचिव दिवेश पांडे सयुक्त सचिव विजय पाठक के अलावे साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव शैलेंद्र पाठक नीरज तंनवर आदि उपस्थित रहे।सीएफआई एवं खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में तथा उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस पहले दिन की प्रतियोगिता में कुल चार वर्गों का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें पूरे देश के विभिन्न जॉन से आए साइकिलिंग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रदर्शन के बुलंदियों का परचम लहराया। विदित हॉकी पूरे देश के विभिन्न राज्य एवं जॉन से 249 महिला प्रतिभागी भाग ले रही हैं दो दिन तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु साइकिलिंग फेडरेशन के तरफ से तकनीकी अध्यक्ष के रूप में तमिलनाडु से इस गायत्री एवं दिल्ली से रेस डायरेक्टर विजय नारायण सिंह के साथ ही तकनीकी अधिकारी दर्जनों की संख्या में प्रतियोगिता को सफल करने में अपना योगदान दे रहे हैं! इस राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में देश की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने-अपने वर्गों में पदक पर कब्जा जमाया ।

# घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक चोरी

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** नगर के वार्ड नंबर 6 में घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 निवासी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने 1 मई की शाम अपनी बुलेट बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। 2 मई की सुबह करीब साढ़े तीन बजे बाइक चोरी हो गई। सुबह जब उन्होंने बाइक गायब देखी तो आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बताया जा रहा है कि बाइक चोरी की यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और बाइक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# करोड़ों की धोखाधड़ी का वांछित गिरफ्तार

पर्वत प्रेरणा संवाददाता




**रुद्रपुर ।** एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस द्वारा करोड़ो की धोखाधड़ी करने वाले शातिर वांछित अभियुक्त को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्ष 2024 से करोड़ो की ठगी कर फरार था। उस पर उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश मे दर्जनो मुकदमे दर्ज थे। जिनमे वह वांछित चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि मुकदमे मे वांछित चल रहे अभियुक्त सलीम अहमद उर्फ हाफिज सलीम पुत्र कल्लू खां निवासी-वार्ड न0-20 तिकोनिया बस स्टैण्ड ठाकुरद्वारा एसएस मेडिकल एजेंसी थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है जो उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश मे पंजीकृत दर्जनो मुकदमो मे वांछित चल रहा है। उपरोक्त अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त के विवेचक उ0नि0 प्रकाश चन्द्र व पुलिस टीम द्वारा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को मेडिकल के उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ0नि0 प्रकाश चन्द्र,दिनेश धपोला थे।

# एचपीवी वैक्सीन अभियान को गति देने हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




**उत्तरकाशी ।** एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिला टास्क फोर्स की बैठक एनआईसी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी मुक्ता मिश्र ने की। इस दौरान शिक्षा, पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. बी. एस. पांगती ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि भारत में एचपीवी वैक्सीन वर्ष 2008 से उपलब्ध है। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026 से 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए सरकारी चिकित्सालयों में निःशुल्क टीकाकरण शुरू किया गया है। यह टीका विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। जनपद उत्तरकाशी में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 3000 बालिकाओं को 31 मई 2026 तक टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि, लक्ष्य के सापेक्ष अब तक टीकाकरण की प्रगति धीमी रहने पर अपर जिला अधिकारी ने चिंता व्यक्त की और अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत को निर्देशित किया कि एचपीवी वैक्सीन लगवा चुके चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं उनके परिजनों के वीडियो संदेश तैयार कर सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया जाए। साथ ही स्थानीय एम्बेसडर एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के माध्यम से भी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि आमजन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जा सके। इसके अतिरिक्त शिक्षा, पंचायतीराज एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को भी निर्देश दिए गए कि यदि उनके किसी कर्मचारी या शिक्षक ने यह वैक्सीन लगवाई है, तो उनके अनुभवों के वीडियो संदेश साझा किए जाएं। विद्यालयों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रार्थना सभा के दौरान नियमित जागरूकता सत्र आयोजित करने तथा 14-15 वर्ष की बालिकाओं के अभिभावकों के साथ बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावत ने जानकारी दी कि एचपीवी वैक्सीन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रीति गौर सेमवाल से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को जनपद के सभी चिकित्सालयों में पिंक डे के रूप में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लक्षित आयु वर्ग की बालिकाएं निःशुल्क टीकाकरण का लाभ उठा सकती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है तथा इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे अपनी बालिकाओं को समय पर टीका लगवाकर उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखें।

# नगाण गांव में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**बड़कोट/उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कथा श्रवण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की तथा क्षेत्रवासियों के साथ आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव साझा किया। शनिवार को भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा जी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित इस कथा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी विशेष रूप से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म का स्वर्णिम काल चल रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर तथा राम मंदिर अयोध्या जैसे प्रमुख धार्मिक विकास कार्यों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति की बुद्धि एवं विवेक का विकास होता है और पितरों को भी बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। उन्होंने उत्तराखंड को देवभूमि बताते हुए कहा कि यहां चारधाम स्थित हैं और यह प्रदेश आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा केदारनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद बद्रीनाथ मंदिर में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधान की मांग पर नगाण गांव में बारात घर निर्माण का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला चिकित्सालय में लिफ्ट के लिए 38 लाख की राशि स्वीकृत

## भाजपा ने विधायक पर विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने का लगाया आरोप



**पिथौरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने विधायक मयूख महर पर भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है। जिला योजना की बैठक में प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने जिले की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। काफी लम्बे समय से महिला चिकित्सालय के नवीन भवन में लिफ्ट की मांग जनता द्वारा की जा रही थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने विषय को गंभीरता से लिया व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला योजना समिति के सम्मुख यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसके लिए प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने तत्काल 38 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि शीघ्र ही जिला महिला चिकित्सालय में लिफ्ट का निर्माण किया जाए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है। भाजपा ने उपरोक्त विषय पर स्थानीय कांग्रेसी विधायक मयूख महर से पूछा है कि वह विधायक निधि द्वारा यह कार्य कराने का दावा करते हैं। उनका प्रस्ताव नियमावली के अनुरूप न होने से उक्त धनराशि को प्रशासन द्वारा स्वीकृति नहीं दी गई। जिसके बाद भाजपा सरकार ने लिफ्ट के लिए 38 लाख की धनराशि जिला योजना से स्वीकृत की है। तो आप क्यों भोली भाली जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। आप तीन बार के विधायक हैं। 4 साल जनता के बीच से गायब रहे। ना ही कभी पिथौरागढ़ विधानसभा के लिए जन हित के कार्य किए। भाजपा सरकार ने जो जिले के लिए कार्य किए और भाजपा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल के कार्य स्वीकृत कराए उनका आप झूठा श्रेय लेना चाहते हैं।

# जानवर को बचाने में पलटी टैक्सी, चालक घायल

**हल्द्वानी।** टांडा जंगल क्षेत्र में स्थित बेलबाबा के पास देर रात एक टैक्सी कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। बताया जा रहा है कि चालक ने अचानक सामने आए जानवर को बचाने की कोशिश की, जिससे यह हादसा हो गया। दुर्घटना में टैक्सी चालक हरप्रीत सिंह निवासी ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए रुद्रपुर स्थित फुटेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार, हरप्रीत सिंह टैक्सी चालक है और वह देहरादून से सवारी छोड़ने के बाद हल्द्वानी होते हुए रुद्रपुर लौट रहा था। इसी दौरान टांडा जंगल के पास यह हादसा हो गया। घटना की सूचना किसी राहगीर ने डायल 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था और घायल चालक के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई गई है।

# डुंडा ब्लॉक में टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित



**उत्तरकाशी।** डुंडा ब्लॉक के समस्त जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं पूर्व ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों एवं निविदा (टेंडर) प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने सामग्री आपूर्ति के लिए एकल ठेकेदार को निविदा दिए जाने पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि इस प्रकार की प्रक्रिया पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों के विपरीत है। विचार-विमर्श के पश्चात बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्तमान निविदा प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इस संबंध में डुंडा ब्लॉक प्रमुख राजदीप परमार ने बताया कि खंड विकास अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है कि उक्त टेंडर प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए, ताकि आगे निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# ग्रामीण बैंक ने मृतक शिक्षक की पत्नी को दी 45 लाख रुपये की बीमा राशि



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए शिक्षक सुरेंद्र भंडारी की पत्नी अनिता भंडारी को 45 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। शाखा प्रबंधक कुलदीप कुशवाहा ने बीमा राशि का चेक अनिता भंडारी को सौंपा। गौरतलब है कि 22 नवंबर 2025 को अल्मोड़ा से हल्द्वानी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे शिक्षकों की कार रातीघाट के पास अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी में गिर गई थी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को जानकारी दी थी। इसके बाद खैरना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से खाई में उतरकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरना पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिक्षक सुरेंद्र भंडारी को मृत घोषित कर दिया था।

# शिशु भारती के पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भतरौंजखान में शुक्रवार को शिशु भारती के पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। समारोह के दौरान सभी भैया-बहनों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने सभी को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं भी दीं विद्यालय प्रशासन ने बताया कि शिशु भारती प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की बाल संसद अथवा छात्र परिषद है, जिसका उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के संस्कार विकसित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी स्वयं अपने कार्यों के संचालन और मूल्यांकन की प्रक्रिया से जुड़ते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बारिश के साथ गुल हो रही बिजली, धौलछीना क्षेत्र के ग्रामीण अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर

**धौलछीना( अल्मोड़ा )।** धौलछीना क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि जैसे ही शाम के समय बारिश शुरू होती है, उसी के साथ विद्युत आपूर्ति भी ठप हो जाती है। यह सिलसिला लगातार जारी रहने से लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है। शनिवार को भी शाम करीब 4 बजे के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार बाड़ेछीना और धौलछीना के बीच जंगल क्षेत्र में आए दिन पेड़ गिरने से विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिसके चलते यह समस्या बनी हुई है। लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बाड़ेछीना से लेकर पल्यू, धौलछीना, कसाणबैण्ड, जमराडी, कनारीछीना, लिंगुड़ता और शेराघाट सहित करीब तीन दर्जन गांव इस समस्या से प्रभावित हैं। शाम के समय बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। वर्तमान में पर्यटन सीजन होने के कारण रात्रि के समय बिजली आपूर्ति बाधित होने से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों और होटल व्यवसायियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष धौलछीना दरवान सिंह रावत ने विद्युत विभाग से मांग की है कि समय रहते पेड़ों की लॉपिंग (कटाई-छंटाई) कराई जाए सके।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में 72 करोड़ की जिला योजना स्वीकृत

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 2026-27 के लिए जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए कुल रू 7173.70 लाख के बजट के साथ समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इस प्रस्तावित परिव्यय में सामान्य मद में रू 5035.60 लाख, एससीएसपी में रू 1712.40 लाख तथा टीएसपी में रू 425.70 लाख का प्रावधान किया गया है। यह जिला योजना प्रभारी मंत्री रेखा आर्य (बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण) की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में अनुमोदित की गई। बैठक में इस वर्ष पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व प्रभारी मंत्री को पुलिस टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया गया। जिला योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्रों में बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं, जिनमें ग्राम पंचायतों में फसलों की सुरक्षा हेतु चेन लिंक फेंसिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण हेतु प्रावधान, पशुपालकों के लिए बकरी पालन यूनिट, लाभार्थियों हेतु कुक्कुट पालन सहायता, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नई सड़कों का




निर्माण, पुल-पुलियों का निर्माण, तथा मार्गों के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त नई पेयजल योजनाएं, पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा बागवानी विकास के लिए भी बजट निर्धारित किया गया है। जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका एवं अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है। भौतिक क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जबकि सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण को प्राथमिकता दी गई है वहीं, आजीविका क्षेत्र में रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला योजना के अंतर्गत महिला अस्पताल में लिफ्ट स्थापना का प्रस्ताव शामिल किया गया है। बजट प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ कर इसे वर्ष के अंत तक पूर्ण कर जनपदवासियों को समर्पित किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं को क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। साथ ही, अधूरे एवं प्रचलित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। पिछले वर्षों के आंकड़ों के अनुसार भौतिक क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश हुआ है, जबकि आजीविका क्षेत्र में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे इस वर्ष भी प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के अंत में मंत्री रेखा आर्य द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त बजट का जनहित में प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं का लाभ शीघ्रातिशीघ्र जनपद के नागरिकों तक पहुंचाया जाए। बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक गंगोलीहाट फकीर राम टम्टा, जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, महापौर पिथौरागढ़ कल्पना देवलाल, ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल, ब्लॉक प्रमुख डीडीहाट नरेंद्र सिंह धामी, ब्लॉक प्रमुख धारचूला मंजुला बुदियाल, ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल सहित समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## केदारनाथ यात्रा में पुलिस की सक्रियता, खोया सामान लौटाया

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग जिला पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सहायता में भी सराहनीय भूमिका निभा रही है। भीड़भाड़ के बीच पुलिस टीम ने कई यात्रियों का खोया सामान तलाश कर उन्हें वापस सौंपा, वहीं बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य भी किया। जानकारी के अनुसार, गौरीकुंड क्षेत्र में पुलिस ने अजमेर निवासी विकास मेहरा और मुंबई निवासी शिवम राव का खोया कीमती सामान खोजकर उन्हें सकुशल वापस किया। वहीं, पौड़ी गढ़वाल निवासी 65 वर्षीय सरोज देवी यात्रा के दौरान भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ गई थीं, जिन्हें पुलिस टीम ने खोजबीन कर सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया। इसके अलावा धाम परिसर में एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को भी अनाउंसमेंट के माध्यम से परिजनों तक पहुंचाया गया। पुलिस ने मंदिर परिसर में खोया एक बैग और एक श्रद्धालु का मोबाइल फोन भी बरामद कर संबंधित लोगों को सौंपा। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने कहा कि केदारनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक यात्री को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। यह पहल दर्शाती है कि उत्तराखंड पुलिस न केवल सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है, बल्कि मानवता और सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं के भरोसे को भी मजबूत कर रही है।

## अल्मोड़ा पहुंचेगी गोलज्यू महाराज की 20 दिवसीय यात्रा, भव्य स्वागत की तैयारी

**अल्मोड़ा।** देवभूमि की आस्था और लोक परंपरा का प्रतीक गोलज्यू महाराज की 20 दिवसीय धार्मिक यात्रा 4 मई 2026 को अल्मोड़ा पहुंचेगी। यात्रा का भव्य स्वागत सिद्धिनौला, पल्टन बाजार से किया जाएगा, जहां से इसका विधिवत शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे होगा।आयोजकों के अनुसार यात्रा सिद्धिनौला से नगर भ्रमण करते हुए मां नन्दा देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात यात्रा शै भैरव मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा को भव्य और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की गई है। विशेष रूप से महिलाओं से अनुरोध किया गया है कि वे पारंपरिक रंगवाली पिछौड़ा धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाएं। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक भक्ति भावना को भी प्रदर्शित करती है। प्रशासन एवं स्थानीय समितियां यात्रा के सफल संचालन के लिए तैयारियों में जुटी हुई हैं।

## घनेली-कफड़खान मार्ग पर गिरा विशालकाय पेड़, फायर सर्विस ने कड़ी मशक्कत के बाद बहाल किया यातायात

**अल्मोड़ा।** जनपद के घनेली-कफड़खान मोटर मार्ग पर शनिवार रात आए तेज अंधड़ के कारण एक बड़ा हादसा टल गया जब सुंदरपुर के समीप एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़कर मुख्य सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार (2 मई) रात करीब 8:35 बजे तेज तूफानी हवाओं के चलते सुंदरपुर के पास एक भारी-भरकम पेड़ अचानक सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा। सड़क बंद होने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन अल्मोड़ा की यूनिट आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुँची। फायर कर्मियों ने यातायात को नियंत्रित किया। इसके बाद वुडन कटर मशीन की मदद से विशालकाय पेड़ को छोटे-छोटे हिस्सों में काटा गया फायर सर्विस की टीम ने काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ के हिस्सों को सड़क से हटाकर किनारे किया, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकी।

# न्यू भाटकोट वार्ड में भूस्खलन से सड़क ध्वस्त

### पूर्व पालिकाध्यक्ष खाती ने प्रशासन से की तुरंत कार्यवाही की मांग



**पिथौरागढ़।** कल नगर में हुई भारी बरसात से न्यू भाटकोट वार्ड में नगर निगम की सड़क भूस्खलन से पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। बिजली का पोल भी गिर चुका है। भूस्खलन से अन्य घरों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। पूरे मोहल्ले की बिजली कट चुकी है तथा आवागमन बंद हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जगत सिंह खाती ने नगर निगम से तत्काल सड़क का निर्माण करने की मांग की है। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला प्रशासन से मामले में अति शीघ्र उचित कदम उठाने की मांग की है जिससे आगे कोई दुर्घटना ना हो। उन्होंने विद्युत विभाग से शीघ्र न्यू भाटकोट वार्ड की विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## कर्बला क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाया गया

**अल्मोड़ा।** कर्बला क्षेत्र में कब्रिस्तान के पास किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन की कार्रवाई के बाद हटाया गया। उपजिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर मामले की जांच कराई गई थी। जांच में निर्माण अवैध पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। प्रशासन की ओर से नोटिस दिए जाने के बाद निर्माणकर्ता ने स्वयं ही अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन अवैध निर्माणों को लेकर पूरी तरह सतर्क है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीडीओ के निर्देश पर सस्ता गल्ला दुकानों व गोदामों पर औचक निरीक्षण



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**नैनीताल।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले के सस्ता गल्ला दुकानों एवं खाद्यान्न गोदामों का व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे के निर्देश पर जिले के सभी आठों विकास खंडों में एक साथ संचालित किया गया।

अभियान के दौरान गठित निरीक्षण टीमों ने क्षेत्र प्रमुखों, ग्राम प्रधानों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के साथ मिलकर दुकानों और गोदामों की गहन जांच की। निरीक्षण में खाद्यान्न की गुणवत्ता, स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक कांटे की स्थिति तथा लाभार्थियों को समय पर राशन वितरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की बारीकी से पड़ताल की गई। इसके साथ ही दुकानों पर रेट लिस्ट एवं शिकायत पुस्तिका का अनिवार्य रूप से प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए, साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में सभी खंड विकास अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्र प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# मजखाली के 'हाउस ऑफ उमंग' का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** आर के सुधांश प्रमुख सचिव, उत्तराखंड शासन) ने अपने रानीखेत दौरे के दौरान मजखाली के नैनी क्षेत्र स्थित 'हाउस ऑफ उमंग' का निरीक्षण किया। यह केंद्र पर्वतीय क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण का एक सफल और प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरा है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली। इस केंद्र के माध्यम से 180 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 2500 महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों में संलग्न हैं। उन्होंने यहां निर्मित किए जा रहे उत्पादों—प्राकृतिक फल प्रसंस्करण (जैम, अचार), मौसमी शहद, ऑर्गेनिक फूड्स तथा हस्तनिर्मित ऊनी



वस्त्रों का अवलोकन किया। साथ ही मडुए से बने स्थानीय उत्पादों का स्वाद लेकर उनकी गुणवत्ता की सराहना की। प्रमुख सचिव ने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने इस मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, जॉइंट मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह तथा सिविल सोयम के प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप धौलाखंडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजधानी में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश, ओलावृष्टि से ठंड बढ़ी

## पहाड़ों में बर्फबारी के आसार, 4-5 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट किया



**देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार सुबह से मौसम ने अचानक करवट ले ली। राजधानी देहरादून में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई, जबकि कई इलाकों में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। अचानक अंधेरा छा जाने और तेज बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ तथा तापमान में गिरावट आई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। वहीं 4000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। विभाग ने 4 और 5 मई के लिए दून समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अलर्ट के मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव विनोद कुमार सुमन ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, ट्रैकिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई और बीआरओ को मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने को कहा गया है। अधिकारियों को ग्राम स्तर तक सक्रिय रहने और आपदा उपकरणों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

# चारधाम यात्रा को लेकर सुरक्षा सुदृढ़ करने हेतु ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित



**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अपराधमुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली बड़कोट में ग्राम प्रहरियों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। यह गोष्ठी पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

गोष्ठी में ग्राम प्रहरियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी देने के लिए भी निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त गोष्ठी में ग्राम प्रहरियों को नशा उन्मूलन, साइबर अपराधों से बचाव एवं आपातकालीन सेवा डायल 112 के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी ग्राम प्रहरियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि चारधाम यात्रा के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक बड़कोट सुभाष चंद्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रणवीर चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिशासी अभियंता पद पर पदोन्नति, खनूली गांव में खुशी की लहर



**अल्मोड़ा।** खनूली गांव के निवासी राजीव खनूलिया (सुपुत्र स्वर्गीय हरी दत्त खनूलिया) की उत्तराखंड शासन के सिंचाई विभाग में अधिशासी अभियंता पद पर पदोन्नति होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

राजीव खनूलिया पूर्व में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में रामनगर स्थित कोसी बैराज परियोजना का दायित्व संभाल रहे थे। उन्होंने बीते 23 वर्षों में सिंचाई विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। सरकारी सेवा से पहले वे देश की प्रतिष्ठित निर्माण कंपनी Larsen & Toubro (एल एंड टी) में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण परियोजनाओं में योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि संपूर्ण खनूली गांव (प्रवासी और स्थानीय निवासी) गौरवान्वित महसूस कर रहा है। ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह पहाड़ के लोगों की मेहनत और लगन का प्रतीक है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राधा पांडे, गोपाल मासीवाल, शंकर सिंह रावत, महेश लाल वर्मा, दीपा मासीवाल, संतोष मासीवाल, कैलाश पांडे, बसंत उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, मोहन राम, प्रकाश उपाध्याय, कमलेश खनूलिया, दीपा कांडपाल सहित कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही, ग्रामीणों ने उनके गांव आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित करने की योजना भी बनाई है।

# अपनी संस्कृति को इस तरह भी बचाया जा सकता



आज भौतिकता की चमक-दमक, दिखावे की होड़ और एक-दूसरे से आगे निकलने की अंधी दौड़ ने इंसान से इंसान की पहचान ही छीननी शुरू कर दी है। जीवन में सुविधा बढ़ी है, साधन बढ़े हैं, लेकिन आत्मीयता, अपनापन और सांस्कृतिक जुड़ाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। यदि आप देश-दुनिया के किसी भी क्षेत्र, नगर या समाज में जाएँ, तो वहाँ की अपनी अलग पहचान, विशेषता, बोली, पहनावा, खान-पान और परंपराएँ देखने को मिलती हैं। वास्तव में यही किसी समाज की असली जान, पहचान और उसकी सांस्कृतिक समृद्धि होती है। यही वह जड़ें हैं, जिनसे समाज की शिक्षा, संस्कार और सभ्यता पुष्पित-पल्लवित होती है। कुमाऊँ भी इस परिवर्तन से अछूता नहीं रहा है। आज बाखली, टोक और गाँव धीरे-धीरे खाली होते जा रहे हैं। यह केवल लोगों का पलायन नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन का भी पलायन है। गाँवों में अब छोटे-बड़े रीति-रिवाज, धार्मिक अनुष्ठान, शादी-ब्याह, जनेऊ और कर्णवेध संस्कार भी नजदीकी होटलों, बैंक्वेट हॉलों और आधुनिक स्थलों में होने लगे हैं। वहाँ भले ही सुविधा हो, सजावट हो, लेकिन संस्कारों की वह आत्मीय सुगंध और परंपराओं की जीवंतता अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाती है। घरों में आज भी यज्ञोपवीत संस्कार, विवाह अवसरों पर महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले शकुन आखर और मंगल गीत सीधे हृदय को छू जाते हैं। यह केवल गीत नहीं, पीढ़ियों से चली आ रही भावनाओं, आशीर्वादों और लोकसंस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। परंतु जब यही परंपराएँ डीजे और तेज शोर वाले संगीत में दब जाती हैं, तो उनका वास्तविक स्वरूप भी कहीं खो जाता है। नई पीढ़ी बढ़ते प्रचलनों के कारण इन्हीं आधुनिक दिखावों को अपनी पहचान समझने लगी है। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने रीति-रिवाजों, संस्कारों, लोकगीतों, पर्व-त्योहारों और परंपराओं को सहेजें। साथ ही अपनी मातृभाषा कुमाऊँनी को घर-परिवार और आम बोलचाल में सहज रूप से अपनाएँ तथा नई पीढ़ी को भी उससे जोड़ें। जिस संस्कृति की जड़ें जितनी गहरी होती हैं, मानव सभ्यता में उसकी विरासत उतनी ही समृद्ध, सम्मानित और उन्नत बनी रहती है। इसलिए अपनी संस्कृति को बचाना केवल परंपरा निभाना नहीं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को पहचान देना है।

-प्रेम प्रकाश उपाध्याय नेचुरल पिथौरागढ़

# जीआईसी पुभाऊं की छह छात्राओं का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन

**अल्मोड़ा।** 23वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए राजकीय इंटर कॉलेज पुभाऊं की छह छात्राओं का चयन हुआ है। प्रतियोगिता 8, 10 और 11 मई को देहरादून स्थित मल्टीपरपज कराटे हॉल आमवाला में आयोजित की जाएगी। जिला अल्मोड़ा कराटे संघ के महासचिव हरीश सिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। चयनित छात्राओं में दीक्षा गुररानी, निशा नेगी, प्रिया नेगी, पवित्रा नेगी, ज्योति और हेमा धानक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लमगड़ा ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज पुभाऊं में वरिष्ठ शिक्षक ललित बिष्ट के सहयोग से छात्राओं के लिए दो दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इससे पहले भी छात्राओं को आत्मरक्षा कौशल का प्रशिक्षण दिया गया था। छात्राओं के चयन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मार्कंडेय शुक्ला, ललित बिष्ट, गिरीश पांडे, भूपेंद्र सिंह, कैलाश शर्मा, नरेंद्र, मीरा और सुनील सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जताई। उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी, ब्लॉक खेल समन्वयक विनोद कुमार, ग्राम प्रधान प्रकाश चंद्र, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भी चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# एसएसजे विश्वविद्यालय के परिसरों में मजबूत होंगी शोध और प्रयोगशाला सुविधाएं

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में शोध, शिक्षण और प्रयोगशाला सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए शासन ने चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे उच्च शिक्षा और शोध गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी ने बैठक में कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत धनराशि से शोध और शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के साथ प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शासन की ओर से धनराशि स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और सचिव उच्च शिक्षा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान केवल शिक्षण कार्य से नहीं होती, बल्कि शोध गतिविधियों और गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों और विद्यार्थियों को बेहतर प्रयोगशाला सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। शासन से मिली धनराशि का उपयोग परिसरों की प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने, उपकरणों की कमी दूर करने और शोध कार्य को मजबूत करने में किया जाएगा।

# डोटियालगांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों का हुआ उपचार

**अल्मोड़ा।** ताकुला विकासखंड के श्रीराम इंटर कॉलेज डोटियालगांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय पाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित राणा, फिजिशियन डॉ. बसवराज हजगे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश चौरासिया, डॉ. प्रियल तिवारी और जनरल सर्जन डॉ. अमरेंद्र कुमार ने सेवाएं दीं। इस दौरान करीब 300 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां और आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बृजलाल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हल्द्वानी के निदेशक डॉ. अजय पाल ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान और मौसम में हो रहे बदलाव के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भी विभिन्न बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित खानपान अपनाने और नियमित व्यायाम करने की अपील की। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके खिलाफ महिलाओं को आगे आकर जागरूकता फैलानी होगी। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, विद्यालय प्रबंधक मीनाक्षी पाठक, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार पंत, ब्लॉक अध्यक्ष बहादुर सिंह मेहता, जिला महामंत्री दिनेश पिलखवाल, महेश नेगी, सुशील कांडपाल, रमेश भाकुनी, सुनील बाराकोटी, गणेश दत्त भट्ट समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु ने रानीखेत में विकास कार्यों की समीक्षा की

**अल्मोड़ा।** प्रमुख सचिव उत्तराखंड शासन रमेश कुमार सुधांशु ने अपनी प्रथम नियुक्ति स्थल रानीखेत पहुंचकर विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2000 से 2026 तक क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की प्रगति का पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवलोकन किया। बैठक में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी अंशुल सिंह को विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। वन विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने विकास कार्यों के लिए आवश्यक अनुमतियों में अनावश्यक देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग को जनसंतोष के आकलन के लिए प्रभावी फीडबैक प्रणाली विकसित करने और अस्पतालों में शिकायत निवारण व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने हाई वैल्यू-लो वॉल्यूम पर्यटन मॉडल अपनाने पर बल दिया। उन्होंने वन और पर्यटन विभाग को समन्वय बनाकर इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर भी जोर दिया गया। प्रमुख सचिव ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रानीखेत क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और वेलनेस तथा नेचुरोपैथी जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक के बाद प्रमुख सचिव ने विधायक प्रमोद नैनवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों से मुलाकात कर सुझाव भी लिए। बैठक में जिलाधिकारी अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, जॉइंट मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, प्रदीप धौलाखंडी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बनतस्करों पर कार्रवाई की मांग रीता गहतोड़ी का चिपको आंदोलन खुद को बाधा देवदार के पेड़ से

**लोहाघाट।** क्षेत्र में लगातार हो रहे देवदार के पेड़ों के अवैध कटान व बन तस्करों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोहाघाट की सामाजिक कार्यकर्ता व तीलू रौतेली पुरस्कार विजेता रीता गहतोड़ी ने खुद को फोर्ती शमशान घाट के पास देवदार के पेड़ से बाध कर आज रविवार से चिपको आंदोलन शुरू कर दिया है। 2 दिन पूर्व लोहाघाट की ग्राम सभा फोर्ती में अज्ञात बन तस्करों के द्वारा 4 से 5 देवदार के पेड़ काट डाले थे। 2 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक बन तस्करों का पता नहीं चल पाया।

मामले में लोहाघाट क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता और तीलू रोतेली पुरस्कार विजेता रीता गहतोड़ी ने गहरी नाराजगी जताते हुए देवदार के पेड़ों के संरक्षण व बन तस्करों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चिपको आंदोलन शुरू कर दिया है । आंदोलन के तहत रीता ने खुद को देवदार के पेड़ से बांध लिया है। रीता गहतोड़ी ने बताया आज लोहाघाट क्षेत्र में बन तस्करों के द्वारा जगह-जगह के बहुमूल्य देवदार के पेड़ काटे जा रहे हैं सुखाए जा रहे हैं। पर



शासन प्रशासन व वन विभाग के द्वारा बन तस्करों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है ना ही देवदार के पेड़ों के संरक्षण के लिए कड़े नियम बनाए गए। रीता गहतोड़ी ने कहा जब तक बन तस्करों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है उनका चिपको आंदोलन जारी रहेगा।

रीता गहतोड़ी ने जिलाधिकारी चंपावत से देवदार के पेड़ों के संरक्षण के लिए कड़े नियम व बन तस्करों का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा देवदार लोहाघाट की शान है पर असामाजिक तत्वों के द्वारा अपने फायदे के लिए इन पर बेदर्दी से आरिया चलाई जा रही है। और बन महकमा मूकदर्शक बना बैठा है। उन्होंने कहा वन विभाग के द्वारा ना तो किसी बन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और ना कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा उनकी मांग सिर्फ यही है देवदार के पेड़ों का संरक्षण हो और बन तस्करों पर कड़ी कार्रवाई। अन्यथा उनका चिपको आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा।

मामले में लोहाघाट रेंजर एन0डी0 पांडे ने बताया बन विभाग के द्वारा फोर्ती के जंगल मे कटी लकड़ी को कब्जे मे लेकर आरोपियों का पता लगाया जा रहा है कहा आरोपियों का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही लोगों ने कहा अराजक तत्व पेड़ों को खुलेआम काट व सुखा रहे है। पूर्व में भी लोहाघाट नगर क्षेत्र के भेड़खान तथा सुई, पाटन आदि क्षेत्र में खुलेआम देवदार के पेड़ काटे गए पर आज तक किसी पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई लोगों ने रीता गहतोड़ी के आंदोलन को उचित बताते हुए समर्थन दिया।

# 4 मई को गोल्जयू महोत्सव का मुख्यमंत्री धामी करेंगे शुभारंभ

**चंपावत ।** गौरल चौड़ मैदान में 3 वर्ष के बाद गोल्जू महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। महोत्सव का आयोजन नगर पालिका चंपावत के द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव 4 मई से लेकर 13 मई तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन करने चंपावत विधायक व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत पहुंचेंगे और सुबह 11:00 बजे भव्य गोल्जूय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। 3 वर्ष बाद होने जा रहे महोत्सव को लेकर चंपावत में काफी उत्साह नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री को महोत्सव के मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमां पांडे व वार्ड सभासदों के द्वारा खटीमा जाकर महोत्सव में आने का न्योता दिया गया है । जिसे मुख्यमंत्री के द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे ने बताया जनता की विशेष मांग पर गौरल देव की पावन भूमि चंपावत में 3 वर्ष बाद गोल्जयू महोत्सव का आयोजन पालिका के द्वारा गौरल चौड़ मैदान में किया जा रहा है । जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया महोत्सव में



व्यापारिक मेले का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें दूर-दूर क्षेत्र से आए व्यापारियों के द्वारा हथकरघा से संबंधित एक से बढ़कर एक दुकाने लगाई जाएगी। इसके अलावा जनता के मनोरंजन के लिए झूले चरखे व अन्य मनोरंजन के साधन भी लगाए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया इसके अलावा उत्तराखंड के स्टार कलाकारों के द्वारा महोत्सव में चार- चादें लगाने के लिए स्टार नाइट का आयोजन भी किया जाएगा तथा शाम 4:00 से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक स्थानीय कलाकारों तथा विद्यालय के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी दिया जा रहा है। महोत्सव में विभागीय प्रदर्शनी ,लाभार्थीपरक योजनाओं के विभागीय स्टॉल व महिला स्वयं सहायता समूह के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं । उन्होंने बताया 4 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की सम्मानित जनता से अधिक से अधिक संख्या में आकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है उन्होंने कहा महोत्सव का उद्देश्य जनता का मनोरंजन है। महोत्सव के आयोजन के लिए क्षेत्रीय जनता ने पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे व पालिका के समस्त वार्ड सदस्यों को धन्यवाद दिया है।

# हीट वेव से निपटने को व्यापक प्रबंधन के डीएम ने दिए निर्देश

**चंपावत।** उत्तराखंड के मैदानी एवं कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित लू (हीट वेव) की स्थिति को देखते हुए जनपद चम्पावत में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के सभी संबंधित विभागों को संभावित गर्मीजनित आपदाओं एवं स्वास्थ्य जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राजस्व, शहरी विकास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वन विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों को स्पष्ट रूप से उनकी जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। नगर पालिका एवं पेयजल विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।



स्वास्थ्य विभाग को ग्रीष्मकालीन बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का भंडारण सुनिश्चित करने तथा 'क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम' को सक्रिय रखने को कहा गया है। शिक्षा विभाग को विद्यालयों के समय में आवश्यकतानुसार संशोधन करने, साथ ही विद्यार्थियों के लिए पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वनाग्नि की संभावित घटनाओं की रोकथाम हेतु वन विभाग एवं अग्निशमन विभाग को आपसी समन्वय के साथ मास्टर कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए हैंजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जारी इन निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। जनसुविधा एवं आपातकालीन सहायता के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के टोल फ्री नंबर 1077 एवं 05965-230703 को सक्रिय कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिक 7895318895, 7579060090 एवं 9528135726 मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# लोहाघाट बाईपास निर्माण में पर्यावरणीय नुकसान का सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस ने किया आकलन



**लोहाघाट।** प्रस्तावित बाईपास निर्माण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति ए0के0 सीकरी ने शनिवार को प्रशासन व एन0एच के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित लोहाघाट बाईपास निर्माण में पर्यावरण व पेड़ों को होने वाले नुकसान का आकलन किया। चार धाम परियोजना प्रोजक्ट के अंतर्गत लोहाघाट के देवराड़ी बैंड से लेकर राईकोट महर तक बाईपास निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व न्यायमूर्ति के द्वारा बाईपास निर्माण में पेड़ों व पर्यावरण को होने वाले नुकसान का आकलन किया तथा एनएच के अधिकारियों से बाईपास निर्माण योजना के बारे में जानकारी ली। अब पूर्व न्याय मूर्ति की जांच रिपोर्ट के बाद ही लोहाघाट बाईपास निर्माण पर निर्णय लिया जाएगा। एनएच के अभियंता दीपक जोशी के मुताबिक प्रस्तावित बाईपास में डेंसली से लेकर राईकोट महर तक टनल प्रस्तावित है। पूर्व न्यायमूर्ति के लोहाघाट पहुंचने पर एडीएम चंपावत कृष्णनाथ गोस्वामी सहित एनएच के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एनएच के चीफ इंजीनियर मुकेश परमार, रिजनल ऑफिसर पंकज सिंह, एसई हरीश पांगती,अधिशासी अभियंता दीपक जोशी आदि मौजूद रहे।

# स्वाला गांव के पास टूटा हुआ एनएच दुर्घटनाओं को दे रहा है दावत बड़ी दुर्घटना के इंतजार में विभाग



**चंपावत।** टनकपुर पिथौरागढ़ राजमार्ग में चंपावत के स्वाला गांव के सामने बरसों से टूटा पड़ा एनएच दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। पर उसके बावजूद भी विभाग के द्वारा सड़क मरम्मत करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों का कहना है शायद एनएच विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है। कहा यह क्षेत्र वैसे भी दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में आता है। लोगों ने बताया लगभग 4 से 5 वर्ष पूर्व आपदा में यहा पर सड़क बुरी तरह से टूट गई थी। तब से लेकर आज तक यहां पर सड़क को ठीक करने की दिशा में कोई भी कार्य नहीं किया गया। उन्होंने कहा आगामी मानसूनी सीजन में यहां पर यातायात संचालन में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा यह स्थान दूसरा स्वाला डेंजर जोन बनने की ओर अग्रसर है। लोगों ने इसे एनएच विभाग की गंभीर लापरवाही बताया है। तथा शासन प्रशासन से जल्द से जल्द हादसो को दावत दे रही सड़क के मरम्मत की मांग की है। कहा स्वाला डेंजर जोन में कार्य के चलते इस स्थान पर भी लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। चालक की जरा सी असावधानी से यहा पर वाहन सैकड़ो फीट नीचे गहरी खाई में समा सकते हैं लोगों ने कहा इस सड़क पर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं और इस स्थान पर बड़े वाहनों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो चुका है टूटी पहाड़ी में लटके पत्थर कभी भी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। लोगों ने कहा अगर इस स्थान में कोई भी दुर्घटना होती है उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अब देखना कब एनएच के अधिकारियों के नीद टूटती है और इस स्थान पर सड़क की मरम्मत की जाती है। एनएच के अधिशासी अभियंता दीपक जोशी ने बताया टेंडर प्रक्रिया जारी है जिसके बाद सड़के सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा।

# लोहाघाट में पहुंचा सीजन का पहला काफल 200 रुपए किलो बिका

**लोहाघाट।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के ठंडे इलाकों के जंगलों में होने वाला पौष्टिकता से भरपूर फल काफल ने बाजारों में दस्तक दे दी है। शनिवार को सीजन का पहला काफल लोहाघाट की बाजारों में पहुंचा । पहले दिन काफल 200 प्रति किलो के भाव से बिका। फल विक्रेता गोपाल दत्त पुनेठा ने बताया आज शनिवार को पौष्टिकता से भरपूर जंगली फल काफल लोहाघाट बाजार में पहुंच चुका है जिसे उनके द्वारा 200 प्रति किलो के भाव से बेचा गया। उन्होंने बताया काफल रोजगार का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा गांव की महिलाएं जंगलों से काफल तोड़कर बाजारों में लेकर आती हैं ।महिलाओं से उनके द्वारा काफल खरीदकर उपभोक्ताओं को बेचा जाता है। उन्होंने बताया काफल पौष्टिकता के साथ औषधि गुणों से भरपूर फल है । उन्होंने बताया क्षेत्र में ओलावृष्टि से इस बार काफल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया गांव की महिलाओं के साथ-साथ फल व्यापारियों को भी काफल अच्छा रोजगार उपलब्ध कराता है। वही काफल के बाजार में आने पर लोगों ने उसे हाथों हाथ लिया और काफल की जमकर खरीदारी की। अब लगभग 1 महीने तक महिलाएं जंगल से काफल तोड़कर अच्छा रोजगार करेंगी काफल तोड़ने के लिए महिलाओं को काफी मेहनत करनी पड़ती है ।



# फ्लिपकार्ट से मगाई सैंडल निकला फटे हुए जूते का जोड़ा

**लोहाघाट।** ऑनलाइन व्यापारी कंपनियां किस तरह से ग्राहकों को चूना लगा रही है इसका जीता जागता उदाहरण लोहाघाट नगर में देखने को मिला है। नगर के यतीश बिष्ट के द्वारा फ्लिपकार्ट के जरिए एक सैंडल का आर्डर किया था। जैसे ही आज सैंडल का ऑर्डर डिलीवर्ड हुआ तो यतीश के द्वारा डिलीवर होने के तुरंत बाद जैसे ही बॉक्स को खोला गया तो उसमें दो फटे हुए जूते मिले। यतीश बिष्ट बताया मैंने प्रतिक्रिया करते हुए तुरंत डिलीवरी बॉय को रोका और उसके सामने ले गया डिलीवरी बॉय द्वारा बताया गया इस तरह का फ्रॉड फ्लिपकार्ट में तो नहीं होता था हो सकता है बीच में किसी ने गड़बड़ की हो। यतीश बिष्ट ने कहा इस तरह की गड़बड़ ऑनलाइन प्रोडक्ट में हो रही है जो बहुत ही निंदनीय है। इस तरह की गड़बड़ियों से आदमी का ऑनलाइन मार्केट से विश्वास उठ सकता है। कहा मेरे द्वारा फिलहाल प्रोडक्ट को रिटर्न करने की रिक्वेस्ट तुरंत डिलीवरी बॉय के सामने ही डाल दी गई थी अब देखना है फ्लिपकार्ट इस मामले मे किस तरह का एक्शन लेता है।



# रुद्रपुर विधानसभा सीट से भाजपा नेता चौहान ने ठोंकी दावेदारी

**रुद्रपुर।** आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रुद्रपुर 66 विधानसभा सीट पर राजनीतिक माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। इसी बीच वरिष्ठ भाजपा नेता, राज्य आंदोलनकारी एवं लंबे समय से संगठन और जनसेवा में सक्रिय अनिल चौहान ने रुद्रपुर 66 विधानसभा सीट से अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की है। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उनका जीवन हमेशा समाज सेवा, संगठन हित और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा है। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और पृथक राज्य की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्य आंदोलन में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान बनी हुई है।इस दौरान वह फतेहग सेंट्रल जेल में 21 दिन तक बंद रहे।उन्होंने ग्राम भूरारानी से प्रधान के रूप में कार्य किया और अपने कार्यकाल के दौरान गांव में स ?क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य किया। ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका को आज भी स्थानीय लोग याद करते हैं।ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष के प में भी उन्होने हमेशा प्रधानों की आवाज को मजबूती से उठाया है। उनके बाद उनकी माता विमला चौहान ग्राम प्रधान बनी।अनिल चौहान का परिवार की राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके छोटे भाई सुशील चौहान दूसरी बार वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी से पार्षद हैं और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। वहीं उनके छोटे भाई सुनील चौहान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं, तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य रह कर अलग पहचान बनाई थी। उनकी युवाओं के बीच भी मजबूत पकड़ मानी जाती है।

अनिल चौहान ने भाजपा संगठन में भी विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वह उत्तराखंड भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं और किसानों के हितों की आवाज को मजबूती से उठाया है।इसके




साथ ही सहकारी समितियों के चुनावों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन क्षमता और रणनीतिक नेतृत्व के चलते सहकारिता चुनावों में उनकी सक्रिय भागीदारी को हमेशा अहम माना जाता रहा है। क्षेत्र में सहकारी समितियों के चुनावों में कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जीत दिलाने में उनकी भूमिका काफी प्रभावशाली रही है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि अनिल चौहान भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मजबूत संपर्क और बेहतर समन्वय रखते हैं। संगठन के शीर्ष नेताओं से उनके अच्छे संबंधों को उनकी राजनीतिक मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं और आम जनता की मांग पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। उनका मानना है कि वर्षों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। अनिल चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर सकारात्मक भूमिका नहीं निभाई, उससे महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति उनकी सोच उजागर होती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है।उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन्हें अवसर देती है तो वह रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देंगे, युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने, किसानों की समस्याओं का समाधान करने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान रामपाल सिंह, जगदीश सिंह, सतपाल गंगवार, कविता सागर, सुनील चौहान,ज्ञान सिंह चौहान,हरीश मिश्रा, उपदेश सक्सेना, आदेश कुमार आदि मौजूद थे।

# परियोजना ने बदली तकदीर अब आत्मनिर्भरता की राह पर हेमा राय

**लोहाघाट।** जनपद चम्पावत की ग्राम पंचायत चौड़ीराय की निवासी श्रीमती हेमा राय आज ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वावलंबन की एक नई मिसाल बन चुकी हैं। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली हेमा राय ने सीमित संसाधनों और पारंपरिक आजीविका के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने का जो संकल्प लिया था, उसे ग्रामोत्थान परियोजना ने नई उड़ान दी है। गाँव में एनआरएलएम के तहत गठित कालसन बाबा स्वयं सहायता समूह की सदस्य हेमा के पास पूर्व में केवल दो गायें थीं, जिनसे होने वाला दूध उत्पादन परिवार की बुनियादी जरूरतों के लिए भी बमुश्किल पर्याप्त था। आय का कोई स्थायी स्रोत न होने और आर्थिक तंगी के कारण वे अपने पशुपालन व्यवसाय को बढ़ाने में असमर्थ महसूस कर रही थीं।इसी बीच आईएफएडी और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामोत्थान परियोजना की टीम ने ग्राम चौड़ीराय में बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों के माध्यम से हेमा को परियोजना के अंतर्गत संचालित लघु उद्यम स्थापना योजना की विस्तृत जानकारी मिली। परियोजना के अधिकारियों ने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता बल्कि बैंक ऋण



और लाभार्थी अंशदान की प्रक्रिया के बारे में भी प्रेरित किया। उचित मानको पर खरा उतरने के बाद, परियोजना द्वारा हेमा का चयन गाय पालन उद्यम के लिए किया गया। इसके तहत तीन लाख रुपये के कुल निवेश वाला प्रोजेक्ट तैयार किया गया, जिसमें परियोजना की ओर से 75,000 रुपये का अनुदान, 1.50 लाख रुपये का बैंक ऋण और 75,000 रुपये का व्यक्तिगत अंशदान शामिल रहा। इस वित्तीय सहयोग का लाभ उठाते हुए हेमा ने तीन नई गायें खरीदीं, जिससे अब उनके पास कुल पाँच गायें हो गई हैं। उन्होंने पशुओं के बेहतर चारा प्रबंधन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना शुरू किया, जिसका परिणाम उत्पादन में वृद्धि के रूप में सामने आया। वर्तमान में हेमा प्रतिदिन लगभग 24 लीटर दूध का उत्पादन कर रही हैं, जिसे स्थानीय बाजारों और डेयरी केंद्रों में बेचकर वे अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने दूध से मूल्य संवर्धन करते हुए प्रतिमाह लगभग 10-12 किलोग्राम घी तैयार करना भी शुरू किया है, जो 1000 रुपये प्रति किलो की दर से बिकता है।आज सभी खर्चों को निकालने के बाद हेमा राय प्रतिमाह 10,000 से 12,000 रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। यह आय उनके परिवार के लिए एक स्थिर और भरोसेमंद आर्थिक आधार बन चुकी है। हेमा की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन और समय पर वित्तीय सहायता मिले, तो ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि पलायन जैसी समस्याओं को रोककर समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी ला सकती हैं। उनकी इस उपलब्धि ने गाँव की अन्य महिलाओं के भीतर भी स्वरोजगार के प्रति नया उत्साह और आत्मविश्वास जगाया है।

# होली विजडम स्कूल मानेश्वर में छात्र संसद का गठन



**लोहाघाट।** लोहाघाट व चंपावत की प्रमुख शैक्षणिक संस्था होली विजडम स्कूल मानेश्वर मे लोकतंत्र प्रणाली के तहत छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें आयुष जोशी को हेड बॉय तथा चाहत पंगरिया को हेड गर्ल के रूप में चुना गया। मयंक ढेक डिप्टी हेड बॉय तथा अनिया जोशी को डिप्टी हेड गर्ल चुना गया। विद्यालय के छात्रों ने स्पोर्ट्स कैप्टन के पद में समीर सिंह तथा डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में नवनीत सिंह रावत को चयनित किया इसी के तहत अंतसर्दनीय मतदान के द्वारा सुभाष सदन में कप्तान के रूप में भाविका बिष्ट एवं उप कप्तान के रूप में गौरव कठायत ,विवेकानंद सदन के कप्तान के रूप में धीरज बासनी एवं उप कप्तान के रूप में चेतना पांडे और शिवाजी सदन में सदन कप्तान के रूप में स्निग्धा राय एवं उप कप्तान के रूप में शुभम चौबे का चयन किया गया। छात्र संसद के गठन के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित मोहन राय द्वारा सभी सांसदों को उनके पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई गई तथा आदेश का अनुपालन करने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान श्रीमती हिम्मी पुनेठा,जीवन पांडे , गिरीश जोशी ,सुभाष गहतोड़ी, भगीरथ सोराडी ,हिमांशु खर्कवाल ,अंकित जोशी ,बबीता जोशी, हंसा भट्ट ,दीपिका पुनेठा, पंकज कुमार ,भरत तिवारी, योगेश उप्रेती ,दीपक पचोली एवं पंकज राय आदि उपस्थित रहे।

# चीफ जस्टिस ने विधिक सहायता क्लीनिक व आवासीय भवन का किया उद्घाटन

**पिथौरागढ़।** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता ने जनपद पिथौरागढ़ के अपने निर्धारित प्रवास के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए न्यायिक व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक पहल की तथा जिला बार एसोसिएशन, पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में माननीय मुख्य न्यायाधीश ने न्यायपालिका एवं अधिवक्ताओं के बीच समन्वय को न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार बताते हुए विधिक सेवाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश द्वारा न्यायिक कर्मचारियों के लिए निर्मित नव-निर्मित आवासीय भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा




कि न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे वे अधिक दक्षता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इसके अतिरिक्त, माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार, पिथौरागढ़ में स्थापित विधिक सहायता क्लिनिक का उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त होगी तथा न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। यह क्लिनिक विधिक साक्षरता बढ़ाने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ता गण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कार में मामूली रगड़ से बढ़ा विवाद, फिर लाइसेंसी बंदूक दिखने पर मच गया हड़कंप



**हल्द्वानी।** शहर के व्यस्त मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सड़क पर चलते दो वाहनों के बीच मामूली रगड़ लगने के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी तेज हो गई और मामला तनावपूर्ण हो उठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने गुस्से में आक्रामक रुख अपना लिया। इसी बीच उसकी कमर में ठूंसी लाइसेंसी बंदूक दिखाई देने पर मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हथियार दिखाई देने के बाद विवाद और अधिक बढ़ गया तथा राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

घटना के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात काफी देर तक बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराकर स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी भी पक्ष द्वारा कानून व्यवस्था भंग करने या हथियार का अनुचित प्रदर्शन करने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मामूली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अक्सर लोग आपा खो बैठते हैं, जिससे अनावश्यक विवाद खड़ा हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की मांग की है।